**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 18.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते 02 अभियुक्तों को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार । अभियुक्तों के कब्जे से माल-फड़ व जामातलाशी के कुल 24450 रुपये एवं 52 अदद ताश के पत्ते बरामद ।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है । गौरतलब हो कि दिनांक 17.10.2025 को देर रात्रि थाना अतर्रा पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अतर्रा कस्बे की नहर पटरी के पास कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है । सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर छापेमारी करते हुए 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । मौके से माल फड़ व जामा तलाशी के रुपये एवं ताश के पत्ते बरामद हुए है ।

**बरामदगी-**

- माल-फड़ व जामातलाशी से 24450 रुपये
- 52 अदद ताश के पत्ते
- 03 मोबाइल फोन
- 02 मोटरसाइकिल

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. प्रशान्त पुत्र रामकिशोर निवासी कस्बा अतर्रा थाना अतर्रा जनपद बांदा ।
2. विनय पुत्र रमेश निवासी कस्बा अतर्रा थाना अतर्रा जनपद बांदा ।

**पंजीकृत अभियोग** –

- मु0अं0सं0 372/25 धारा 13G Act थाना अतर्रा जनपद बांदा ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री ऋषिदेव सिंह
2. उ0नि0 श्री बालमुकुन्द शुक्ला
3. कां0 हरिनाथ सिंह
4. कां0 शुभम सिंह